>

Title: Need to review the policy for small and medium enterprises.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): आजादी के पश्चात् पूजनीय बापूजी (गांधी जी) समाजवाद, गरीबी और अब आम आदमी का सहारा लेकर सरकार ने कार्यभार चलाया किंतु लघु व मध्यम उद्योगों को प्राथमिकता नहीं मिली । इसके प्रमुख कारण (1) प्रगति में बाधक उच्च ब्याज दर (2) रिजर्व बैंक के गाइड लाइनों का बैंकों की तरफ से पालन न होना (3) लोन देने में अकारण विलंब (4) जटिल लोन प्रक्रिया (5) दस्तावेजों के अभाव में लोन लेन/देन में देरी फलस्वरूप लघु तथा मध्यम उद्योग मृत स्थिति में है । सच तो यह है कि गरीबी के निवारण का ब्रहमास्त्र-लघु उद्योगों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है ।

मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि लघु तथा मध्यम उद्योगों की नीति की दोबारा समीक्षा करें एवं सहाय नीति बनाए मृत प्रायः इन उद्योगों को गर्त में जाने से बचाए ।